तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में पारस, सिद्धी राजवीर...



12 जिला अध्यक्ष छाबड़ा ने पदभार ग्रहण किया ...




## खबर संक्षेप

### लिनेन कपड़ा प्रयोगशाला का मंत्री बघेल ने भ्रमण किया



**बेमेतरा।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जिला मुख्यालय के समीप ग्राम ढोलिया स्थित रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय में स्थापित "लिनेन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक" (अलसी के डंठल से लिनेन कपड़ा निर्माण) की अत्याधुनिक प्रयोगशाला का भ्रमण किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ रजक कार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रह्लाद राजकर, अजय साहू, साथ में रहे । मंत्री श्री बघेल ने प्रयोगशाला में प्रशिक्षित ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया एवं उनके कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अलसी के डंठल से निर्मित कपड़ा न केवल सुंदर और आकर्षक होता है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का एक सशक्त साधन भी बन सकता है। उन्होंने महिलाओं को इस नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे इस कौशल को अपनाकर वर्ष भर रोजगार प्राप्त कर सकती हैं ।अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. के. पी. वर्मा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीण महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे घरेलू कार्यों के साथ-साथ शेष पेज 11 पर

### आरोपी का पुलिस कस्टडी से फरार होना और तीन माह बाद भी नहीं पकड़ा जाना चिंता का विषय

# सोनपुरी रेप और हत्या कांड पर पुलिस की नाकामी पर फूटा महिलाओं का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम सोनपुरी में 11 वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या के मामले में जनआक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। 16 फरवरी को एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश के बाद बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था, लेकिन वह अभिरक्षा से फरार हो गया। यह लापरवाही न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि न्याय प्रक्रिया पर भी गहरा आघात है। घटना को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन आरोपी अब तक पकड़ से बाहर है। इस स्थिति पर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए जिले की प्रमुख महिला जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने एकजुट होकर तीखी प्रतिक्रिया दी है और प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है।

- महिला समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने दी चेतावनी यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

महिलाओं ने मांग की है कि आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई हो और पीड़िता के परिवार को न्याय और सुरक्षा मिले। साथ ही चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो वे बड़े आंदोलन की राह पर जाएंगी।

## महिलाओं का आक्रोश जताया

### मौत की सजा दें



मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास में सफल नहीं होने पर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को मौत की सजा देनी चाहिए अगर आज आवाज नहीं उठाई तो कल हमारी बेटियां भी सुरक्षित नहीं रहेंगी। प्रशासन को चेतावनी देते हैं कि जल्द कार्रवाई करे वरना आंदोलन होगा।

रीना वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष बेमेतरा

### आरोपी का फरार होना, अक्षमता



पुलिस हिरासत से फरार आरोपी प्रशासन की असफलता का बड़ा उदाहरण है। जनता को जवाब चाहिए। अन्यथा न्याय के लिए महिलाएं सड़क पर उतर कर अपना आक्रोश जताएगी।

प्रज्ञा निर्वाणी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य

### जघन्य अपराध



बेहद ही जघन्य अपराध है। पुलिस के हाथ ऐसे अपराधी तक पहुंच नहीं पाना बेहद शर्मनाक है । हमारी चुप्पी ही ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। अब समय आ गया है कि हम न्याय के लिए सड़कों पर उतरें।

\- शकुंतला मंगत साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा

### बच्चियां सुरक्षित नहीं



जिस समाज में बच्चियां सुरक्षित नहीं, वह समाज सभ्य नहीं कहलाया जा सकता। दोषियों को बख्शा न जाए। शीघ्र ही आरोपी पकड़ा जाए अन्यथा मजबूरन महिलाएं आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

सरला जैन, सामाजिक कार्यकर्ता

### संगीन अपराध



यह कोई साधारण अपराध नहीं है। इसकी जवाबदेही सिर्फ आरोपी तक सीमित नहीं, बल्कि पुलिस तंत्र की विफलता पर भी होनी चाहिए।

योगिता साहू, सामाजिक कार्यकर्ता

### कड़ी सजा दें



त्वरित आरोपी गिरफ्तार किया जाए ओर इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए। पीड़िता के परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

भाग्यश्री पोल, अधिवक्ता

### बर्दाश्त नहीं करेंगे



एक बच्ची के साथ हुई ऐसी वीभत्स घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। आरोपी का फरार होना पुलिस की घोर लापरवाही है। हम इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मधु रॉय, जिला पंचायत सदस्य

### पुलिस की नाकामी



सवाल सिर्फ एक बच्ची की हत्या का नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की साख का है। यदि अब भी हम चुप रहे तो अन्याय का सिलसिला नहीं रुकेगा। जिले के लिए जहां यह घटना शर्मनाक है वही आरोपी तक पहुंच नहीं पाना पुलिस की नाकामी है

सबीना खान, समाजसेवी

### कठोर कार्रवाई करें



हम इस घटना को केवल दुखद कहकर नहीं टाल सकते। यह समय है कि दोषियों को कठोर सजा मिले और प्रशासन जवाबदेह बने।

-अंजली मार्कण्डेय, पूर्व जनपद अध्यक्ष नवागढ़

# सेना के शौर्य को सलाम कर निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जिला मुख्यालय में "राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों के बैनर तले प्रशासनिक देखरेख पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल द्वारा किया गया। यात्रा कृषि उपज मंडी से आरंभ होकर जयस्तंभ चौक तक निकाली गई।

इस अवसर पर बेमेतरा विधायक द्वय दीपेश साहू, ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, कलेक्टर रणबीर शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिक, सैनिक परिवार, आम नागरिक, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- बेमेतरा में गूंजा देशभक्ति का स्वर, नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर लिया भाग

इस दौरान खाद्य मंत्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि कश्मीर के पहलगांव में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। आतंकियों ने पर्यटकों को उनके परिवार के सामने कायरता पूर्वक निशाना बनाया। इस घटना का देशभर में तीव्र विरोध हुआ और हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों पर सफलतापूर्वक जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें नष्ट कर आतंकियों को भी ढेर किया । यह तिरंगा यात्रा सेना के अदम्य पराक्रम और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता शेष पेज 11 पर







# सेल में मेनपावर कम होने का खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी

## आठ साल में मात्र 2525 अधिकारी रिटायर हुए, बीएकेएस ने की कर्मियों की बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित सेल में मेन पावर कम होने की कीमत कर्मियों और मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। यूनियनों ने इसके विरोध में दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। बीएकेएस यूनियन ने अधिकारी वर्ग की संख्या में कटौती करने और तथा कर्मचारियों की बहाली करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल में मेन पावर तेजी से कम हो रहा है। हर माह बीएसपी सहित अन्य उपक्रमों में औसत सौ कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। सेल में 4 कर्मचारियों तथा 7 ठेका मजदूरों पर एक अधिकारी है। 29 हजार कर्मचारी वेज रीविजन एरियर की राह देखते देखते सेवानिवृत हो गए ।अधिकारियों की भारी फौज मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रहा है । बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की घटती संख्या पर सवाल किया है । महासचिव अजय वासनिक ने कहा कि यूनियन के मुताबिक एक तरफ हर दिन सेल कर्मचारियों की संख्या घटती जा रही है तो दूसरी तरफ सेल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों की संख्या को यथावत रखा जा रहा है ।



### कर्मचारियों की बहाली की दरकार

जनवरी 17 से मार्च 25 तक कर्मचारियों की संख्या में कमी 39.74% की कमी हुई है। 29 हजार कर्मचारी पिछले 101 माह में अपने एरियर्स का इंतजार करते सेवानिवृत हो गए । पिछले 8 वर्षों में 12535 ठेका मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई है। जबकि 29 हजार कर्मचारियों की संख्या में कमी हुई है। कर्मचारियों पर सलाना 17 हजार वर्क फोर्स का वर्क लोड बढ़ गया है ।पिछले 8 साल में मात्र 2525 अधिकारी ही सेवानिवृत हुए हैं । अभी भी औसतन 4 कर्मचारी तथा 7 ठेका मजदूर पर एक अधिकारी हैं ।कुल मैनपावर खर्च का 55% सिर्फ अधिकारी वर्ग पर ही खर्च किया जा रहा है । अधिकारियों की भारी संख्या ही मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रही है । उत्पादन कार्य सभी कार्य कर्मचारी कर रहे है । कर्मचारियों की संख्या कम होने, वेज रीविजन में धांधली, एरियर्स का भुगतान नही होने से भी कर्मियों में असंतोष है।

## खबर संक्षेप

### बिल में हेराफेरी करने वाला साला पुलिस पकड़ में



**भिलाई।** बिल में हेराफेरी कर धोखाधड़ी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 316 (2),318 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि जयंती नगर दुर्ग निवासी पीयूष त्रिपाठी ने शिकायत किया है कि हाउसिंगबोर्ड में स्थित संकल्प फार्मेसी के नाम से मेडिकल दुकान संचालित करने वाला साला बृजमोहन दुबे उर्फ गगन ने कंप्यूटर बिल निकालते समय पैसों का हेरा फेरी कर 40 लाख रुपए गबन कर धोखाधड़ी किया है। पुलिस जांच में पता चला कि बृजमोहन दुबे उर्फ गगन को पकड़ कर पूछताछ करने पर धोखाधड़ी देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग थाना प्रभारी ममता अली शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। थाना प्रभारी थाना दुर्ग एवं सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, प्रधान आरक्षक अजय वश्विकर्मा, आरक्षक ललित साहू एवं गौर सिंह राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

### जिज्ञासा दसवीं में अव्वल



**भिलाई।** शासकीय हाईस्कूल सरेखा में कक्षा दसवीं की छात्रा जिज्ञासा देशमुख ने 96.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।वे दनिया निवासी शिक्षक राजूलाल देशमुख और ललिता देशमुख की पुत्री हैं ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के शैक्षिक वातावरण, प्राचार्य के मार्गदर्शन और गुरुजनों की मेहनत को दिया है।

### विद्यार्थियों ने ज्ञान व विज्ञान के नाटकों का किया मंचन

**भिलाई।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सम्पन्न तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में भिलाई के आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को विशेषज्ञ समीक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि भगवदज्जुकीयम्, मन्त्र दानम्, महिमामय भारतम्, विषय परिणय, धर्मचक्रप्रवर्तन, शम्बूक अभिषेक और कौण्डिन्य प्रहसन आदि के सफल मंचन की सबने सराहना की। 14 संस्कृत विश्वविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने 20 से अधिक नाटकों का मंचन किया। श्रीकृष्ण और पंचतन्त्र के अलावा शेक्सपियर पर संस्कृत नाटक खेले गये। भोपाल के रविंद्र भवन में इन नाटकों के हजारों दर्शकों से प्रेक्षागृह लगातार चार दिन खचाखच भरा रहा। कुलपति प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी, मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉ.के.श्रीनिवास राव, संस्था के निदेशक प्रो.रमाकान्त पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. आरजी मुरली कृष्णन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई ऐसी कला, विद्या, शिल्प,कर्म, काव्य या विधा नहीं जिसे रूपक या नाट्य मंचनों द्वारा व्यक्त किया न जा सके।

### भारतीय ज्ञान परम्परा छात्राओं के चरित्र निर्माण में उपयोगी कार्यशाला में हुई चर्चा

**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में श्री अरविन्दों योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो रविन्द्र ब्रम्हे भारतीय ज्ञान परम्परा डायरेक्टर पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव, विशेष अतिथि भूपेन्द्र कुलदीप रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, डॉ. इन्द्राणी घोष ट्रस्टी श्री अरविन्दो योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी शिक्षा से जुड़ी हुई है। इनसे हमें अधिक से अधिक प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। जिससे कि भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। हमारे पूर्वजों के जो अनुभव हैं, उस अनुभव का हमें लाभ उठाना चाहिए।

## सेफी अध्यक्ष की शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने की जांच

# सेल एम्प. कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में दो सौ करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश


### बंछोर ने की सोसायटी में सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (सेफी) की शिकायत पर सेल एम्प्लाइज कोआपरेटिव क्रेडिट सोसायटी कोलकाता में 200 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने उच्च प्रबंधन से मांग की है कि अब सोसायटी के संचालन के लिए सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किया जाए। साथ ही जब तक समिति की अनियमितताओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक सदस्यों से की जा रही अंशदान और ऋण की कटौती को इस सहकारी समिति के पास जमा न कराया जाए।

■ रिटायर सेल कर्मियों की जीवनभर की कमाई डूबी

सेफी व बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और सेफी के वाइस प्रेसिडेंट तथा सीएमओ के एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता में हुए 200 करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों की जांच की मांग पीएमओ और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री से की थी। इस शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने इस मामले की जांच के आदेश दिये ।श्री बंछोर ने बताया कि सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में 2 हजार से अधिक सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक सदस्य हैं, जिसमें मुख्यतः सीएमओ, कोलकाता तथा सेल कॉरपोरेट ऑफिस के कार्मिक शामिल हैं। इस संस्था में हुए वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक प्रभावित हुए हैं। सदस्यों को 2 सौ करोड़ रुपए अटक गए हैं। सेफी ने पीएम, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री को पत्र लिखकर सोसायटी में घोटाले की जांच की मांग की थी।




### सदस्यों के करोड़ों रुपए अटके



क्रेडिट सोसाइटी भारी वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के चलते सोसायटी के सदस्यों के 200 करोड़ रूपए अटक गए। हमारे निरंतर प्रयासों से सहकारी समिति के केन्द्रीय रजिस्ट्रार द्वारा किये गये जांच में बेहद चौकाने वाले तथ्य सामने आए। सोसाइटी ने 198 करोड़ रूपये, शेयरों और अन्य मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किए, लेकिन कोई डीमैट खाता विवरण प्रस्तुत नहीं किया । सोसाइटी ने पूरी राशि के मूल्य घटने से समाप्त होने का दावा किया। सोसाइटी ने 1,053 सेल के पूर्व कर्मचारियों तथा 12520 बाहरी व्यक्तियों जैसे छोटे विक्रेताओं, रिक्शा चालकों को भी सदस्यता दी, जो मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट का उल्लंघन है। इस घोटाले से सेल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनभर की पूंजी संकट में पड़ गई है।

# ऑपरेशन विश्वास: 27 साल पुराने वारंटियों की धरपकड़

### पुलिस का अभियान, दहशत में अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ऑपरेशन विश्वास ने जिले के अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया है। 27 साल से फरार वारंटी भी पुलिस पकड़ में आया। इसके लिए पुलिस के 150 कर्मियों ने वारंट तामिली किया। वर्षो से लंबित स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए पुलिस ने 15-16 मई की रात जिले में आपरेशन विश्वास चलाया गया। थाना क्षेत्रों में वारंटियो की पतासाजी के लिए टीम बनाकर वारंटियों के सकुनत व संभावित ठिकानों में दबिश दी गई। अभियान में 235 वारंट के कुल 198 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने वारंटियों का फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी धरपकड़ की गई। थाना छावनी से फरार 27 वर्ष पुराना वारंटी भी पुलिस पकड़ में आ गया है। छावनी के गुण्डा बदमाश का जिला बदर वारंटी भी तामिल कराया गया। जिले के 235 वारंट में से 204 स्थाई वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई। जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया था।फिलहाल ऑपरेशन विश्वास चलता रहेगा। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अपराधियों को नहीं छोडेगा। यह अभियान लगातार चलते रहेगा।

### समाज को मैसेज देने का रहा प्रयास

वारंटियों को पकड़कर पुलिस ने जेल के सलाखों के भेजने का मकसद है कि समाज के लोगों को भी इन वारंटियों की जानकारी हो। इसके अलावा समाज में संदेश जाए कि अपराध करने वाले अपराधियों पर पुलिस किस तरह नकेल कसती है। अपराधी कोई भी दुर्ग पुलिस उसे नहीं छोडेगी। वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस रात व दिन मेहनत कर उनके तक पहुंच पाई है। जिले में अमन चैन हो ऐसी व्यवस्था पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। शहर में बढ़ रहे अपराध, चोरियों पर भी इससे अंकुश लगेगा।

### लगातार चलता रहेगा यह अभियान

“ ऑपरेशन विश्वास का मकसद है कि अपराधियों के मन में दहशत पैदा करना है। आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करना है।अपराधी अगर अपराध करता है तो पुलिस उनके साथ उससे भी बुरा करेगी। एसएसपी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलता रहेगा।

-अभिषेक झा एएसपी दुर्ग

### नेहरू गैलरी में नंदी के छाया चित्रों की प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा वरिष्ठ छायाकार पीके नंदी के छायाचित्र प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. सौरव मुखर्जी ने किया। 17 मई तक नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पर विभाग के जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशांत तिवारी, एजीएमरेणु गुप्ता, तथा फोटोग्राफर पी के नंदी व श्रीमती नंदी, भिलाई आर्ट्स क्लब के सदस्य ईश्वर पटेल, गिलबर्ट जोसेफ, ब्रिज बिहारी मिश्रा, सुनीता वर्मा आदि उपस्थित थे। डॉ. मुखर्जी ने नंदी की प्रतिभा और सृजनात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। कहा कि कई चित्र इतने मार्मिक है कि वे आपको उनमें खो जाने पर विवश करते हैं। बीएसपी के सेवानिवृत्त चार्जमेन पीके नंदीअनुभवी छायाकार होने के साथ वे यात्रा प्रेमी, आर्ट्स क्लब के पूर्व सचिव प्रदर्शनी 17 मई तक प्रतिदिन 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।



## पावरहउस रेलवे स्टेशन के दो रिजर्वेशन काउंटर बंद करने से यात्री हो रहे परेशान

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन को प्रधानमंत्री के मांडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने के बीच सुविधाओं में कौटती की जा रही है। इससे यात्री हैरान और परेशान हैं। स्टेशन में दो टिकट काउंटर को बंद कर दिए जाने से मुसाफिर हलाकान हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पावरहाउस स्टेशन को करोड़ों की लागत से पीएम को योजना के तहत नवनिर्माण किया जा रहा है। लेकिन रेलवे द्वारा महीनेभर पूर्व दोटिकट काउंटरों को बंद कर दिया गया है। इससे टिकट को लेकर मारीमारी हो रही है। पूर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए तीन रिजर्वेशन काउंटर से टिकट दिया जाता था । लेकिन डिजिटल सेवा के नाम पर 15 मार्च से रिजर्वेशन काउंटर नंबर 6, व 5 को बंद कर दिया गया है। टिकट के लिए यात्रियों में काफी लंबी लाइन लगी रहती है। टिकट के लिए विवाद होते रहता है।



■ पीएम व रेलमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने लिखा पत्र

### एक ही गेट से बढ़ेगी परेशानी

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री, रेलवे मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री तथा सांसद से डिजीटल टिकट काउंटर सुविधा को जल्द फिर से बहाल करने की मांग की है।। बताया है कि अचानक काउंटर बद किए जाने से भीषण गर्मी मे यात्री परिवार के साथ परेशान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा एवं भिलाई शहर जिला विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों के अडियनल रवैया के कारण स्टेशन में मात्र एक ही गेट का निर्माण किया गया है जिससे आने-जाने में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अधिकारी सुरक्षा संबंधी कारण बताते हुए अन्य गेट निर्माण के लिए मना कर रहे हैं। जबकि अन्य सभी स्टेशनों में दो गेट हैं। कांग्रेस नेताओं ने पीएम व सीएम से पावरहाउस स्टेशन में दो गेट बनवाए जाने की मांग की है।

## भाजपा की सरकार में टाउनशिप के रहवासियों को मिला हॉफ बिजली का लाभः प्रेम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लागू की गई हाफ बिजली योजना का लाभ पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से अंततः इस योजना को भिलाई क्षेत्र में लागू किया गया, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम बात भिलाई की के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात रखी। पाण्डेय ने बताया कि 1 मार्च 2019 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने की योजना लागू की थी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र के उपभोक्ताओं को इसके लाभ से वंचित रखा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लगातार इस मुद्दे पर बीएसपी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। लेकिन हमने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और न्यायायलय तक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि हमने समानता के अधिकार के तहत मांग कि बीएसपी टाउनशिप, कैंप 1, खुर्सीपार, जोन 1 से 9, हॉस्पिटल सेक्टर, रूआबांधा, रिसाली सहित पूरे बीएसपी क्षेत्र को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस मांग को तत्कालीन सरकार के मुखिया और उर्जा सचिव तक सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूर्ववर्ती सरकार ने तर्क दिया कि बीएसपी के उपभोक्ताओं को सीएसपीडीसीएल की तरह योजना का लाभ नहीं मिल सकता क्योंकि उनके टैरिफ अलग है। लेकिन समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) के आधार पर इस मुद्दे को उठाया गया। आखिरकार लगातार मांग के पश्चात भाजपा सरकार द्वारा इस मांग को पूरा किया गया और लोगों राहत देने का निर्णय लिया। पाण्डेय ने बताया कि जनवरी 2025 में योजना के दूसरे चरण के तहत 8.58 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। इससे 12,780 बीएसपी कर्मचारियों और 8,000 गैर बीएसपी निवासियों को लाभ मिला।पहले चरण में भी 4 करोड़ 6 लाख रुपये आबंटित किए गए थे।



## खेलो इंडिया गेम्स में दिखेंगे भिलाई के खिलाड़ी



**भिलाई।** खेलो इंडिया बीच गेम्स प्रतियोगिता 19 मई से 24 मई तक दीव के घोघला समुद्र तट पर आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ से सीनियर महिला टीम भाग लेगी। इसमें भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी सीनियर गर्ल्स टीम (500 कि),लता नाग (कप्तान), त्रिवेणी, नेहा यादव, गरिमा, निर्मला, , राधिका, रीना, दमेश्वरी निषाद, वाणी, पूनम हैं। छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास हर्षल वाघ कोच और तनु कोच मैनेजर के मार्गदर्शन में हो रहा है। टीम की सफलता के लिए छग रस्साकशी संघ के महासचिव श्रीकांत, जी. सुरेश पिल्लई, इंदरजीत सिंह, अजय दिक्षित, प्रभुनाथ बैठा, निशिकांत शर्मा, गिरीश कुमार यादव, औरंगजेब खान ने शुभकामनाएं दी हैं।

### ट्रैफिक पुलिस चला रही है अभियान

## माल वाहक वाहनों पर स्टीकर चस्पा कर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में माल वाहको में सवारी बिठाकर लेकर जा रहे चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई करती आ रही है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि इस तरह के वाहन चालको पर विशेष पाइंट मोतीपुर चौक, अहिवारा रोड, पुलगांव चौक, उतई रोड, अंजोरा बाईपास में लगाकर चेकिंग की जा रही है। मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा और अर्थदंड को लेकर जानकारी देते हुए वाहनों में स्टीकर भी चस्पा किए गए। ऐसे वाहन चालकों से भविष्य में दोबारा ऐसी गलती ना करने के लिए सहमति पत्र भी भराया जा रहा है। विगत 4 दिनों में कुल 116 माल वाहक वाहन में सवारी ना ले जाने की कार्रवाई की गई। 248 वाहन चालकों सें सहमति पत्र भरवाया गया। वर्ष 2024 में अन्य जिलों में माल वाहक वाहनो में सवारी ले जाने के दौरान हुई सडक हादसों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा 4 दिनो से लगातार माल वाहक चालकों को माल वाहक में सवारी ले जाने के दौरान हुई हादसों को लेकर अवगत कराते समझाइए दी गई।

■ माल वाहक वाहन चालकों को सवारी ना ले जाने शपथ दिलाई




### लाइसेंस निलंबन करने की भी कार्रवाई

माल वाहक वाहन में सवारी ले जाने और शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले अपराध पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192 (1), 66/192(1) के तहत, शराब सेवन 185 वाले को अर्थदंड की जानकारी दी गई। वाहनों में स्टीकर लगाया जा रहा है। समझाइश के साथ-साथ लगातार ऐसे वाहन चालकों पर 4 दिनों में 116 वाहनों पर कार्रवाई भी किया गया। चालको के लायसेंस निलंबन की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

## एएसपी राठौर ने बच्चों को दिए टिप्स चोपकर ने भी दिखाई कलाकृति

**भिलाई।** इप्टा भिलाई के तत्वावधान में नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर एक में चल रहे बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य शिविर में बच्चे नाट्य कला के गुर सीख रहे हैं। शिविर में बच्चों को कला के सुरक्षा व जागरुकता के टिप्स भी दिए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ काष्ठ कलाकार श्रवण चोपकर नन्हें कलाकारों से रुबरु हुए। श्री चोपकर ने अपनी आकर्षक व संदेशपरक कलाकृति मदर्स एंड चाइल्ड, मंदिर,मस्जिद,चर्च और गुरुद्वारा,कारगिल के शहीदों को समर्पित 106 फीट लंबी चैन का प्रदर्शन किया। उन्होंने कलाकृति से कला के साथ ममता और सांप्रदायिक सदभाव का संदेश दिया।एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर से मुलाकात भी नन्हें कलाकारों के लिए ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने रोचक तरीके से बच्चों को सायबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस शब्द की सार्थक व्याख्या की । उन्होंने बताया कि अगर पुलिस के पी को पासवर्ड के रूप में ओ को ओटीपी, एल को की लिंक व सी को चैट के संदर्भ में और ई को इमरजेंसी नंबर के रूप के याद रखा जाए तो सायबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। दोनों अतिथियों को इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव व मणिमय मुखर्जी से बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुचिता मुखर्जी, चित्रांश श्रीवास्तव, बीबी परगनिहा आदि उपस्थित थे।



# सुशासन शिविरों में शत-प्रतिशत आवेदनों का किया जाएगा निराकरण : मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार-के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर शनिवार जनपद पंचायत बेमेतरा के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चन्दनू के हायर सेकंडरी स्कूल भवन में आयोजित किया गया।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया ।चन्दनू क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायतों – मुलमुला, खाम्ही, बाराडेरा, चंदनू, मुटपुरी, केशतरा, मऊ, खम्हरिया, झिरिया, तुमा – से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक दयालदास बघेल शिविर मे उपस्थित रहे, आवेदनों की प्रगति एवं समाधान की जानकारी शिविर के दौरान जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाई गई, शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान किया गया। प्रमुख रूप से किसान किताब, जॉब कार्ड, और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा /"नोनी सुरक्षा योजना/" और /"प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना/" के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त /"सुकन्या समृद्धि योजना/" के तहत बालिकाओं को बैंक पासबुक वितरित की गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## ग्राम चन्दनू में समाधान शिविर का हुआ आयोजन ,बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण



### योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें

खाद्य मंत्री बघेल ने अपने संबोधन में शासन की योजनाओं की पहुंच और प्रभावशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक आवेदन का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, और समाधान शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का तत्परता से समाधान कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, "सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, महिला हो या युवा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं, उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। श्री बघेल ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपनी समस्याएं समाधान शिविरों में निःसंकोच रखें। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे, जिन्होंने योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र, पासबुक व अन्य दस्तावेज वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री बघेल ने जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। शिविर मे जिला पंचायत सीईओं टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रह्लाद राजकर, अजय साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, चन्दनू सरपंच राहुल वर्मा सहित जिले के अधिकारी और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप



### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास प्रभारी श्रीमती शशि साहू ने समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, योजनाओं और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में विभाग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को शामिल किया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना है। बैठक में विभाग के कामकाज में सुधार के लिए सुझाव और विचार-विमर्श भी किए गए। बैठक में 2 आंगनबाड़ी सहायिका को बर्खास्त करने पर विचार किया गया। जिसे समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय पारित किया गया।

### सेना के सम्मान में बनाई पेंटिंग हृदय विदारक घटना का किया चित्रण

भिलाई। कलाकार अंकुश देवांगन ने भारतीय सेना के सम्मान में पेंटिंग तैयार की है। इस पेंटिंग में उन्होंने 6 दिन पहले ही शादी हुई महिला के यकायक विधवा हो जाने के दृश्य का हृदय विदारक चित्रण किया। सिर झुकाकर सूख चुके आंसू से शून्य को निहारती नवयौवना की पेंटिंग में कलाकार ने सिंदूर का बदला पाकिस्तान हुआ कंगला लिखा। यह शब्द अब राष्ट्रीय स्तर पर सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में बनाए गए इन चित्रों को देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो लोग पहुंचे।

## स्पर्धा : कुशल रणनीति, एकाग्रता से खेले तो जीत सुनिश्चित : एसएसपी

# जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में पारस, सिद्दी राजवीर, अनिका, भवयम व राशि की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में 15 एवं 16 मई आयोजित अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने की । एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सीईओ. विनीत राजोरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।



स्टेट मिनी सब जूनियर में अंडर 7 के बालक वर्ग में पारस यादव - 5.5 अंक - दुर्ग द्वितीय विराज वर्मा - 5 अंक - दुर्ग अंडर 7 बालिका वर्ग में प्रथम सिद्दी रेड्डी कियारा - 5 अंक - राजनांदगांव द्वितीय संस्कृति नथानी - 4 अंक - रायपुर अंडर 9 वर्ग बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजवीर आजवानी - 7 अंक - रायपुर द्वितीय स्थान अरनव गोयल - 5.5 अंक - रायपुर अंडर 9 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनिका रेड्डी - 6 अंक - रायपुर द्वितीय स्थान स्वर बर्खार्ड - 4.5 अंक - रायगढ़ अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम स्थान भव्यम झावर - 6 अंक - रायपुर द्वितीय स्थान वी विराट अय्यर - 5.5 अंक - दुर्ग अंडर 11 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राशि व वरूडकर - 5 अंक - राजनांदगांव द्वितीय स्थान सावी गौरी - 3. 5अंक - रायपुर ने ने प्राप्त किया। ये सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य अतिथि रामकृष्ण साहू ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

**खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी:** इस अवसर पर अपने उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू ने कहा कि बेहतर रणनीति, एकाग्रता, धैर्यता एवं खेल भावना से हम खेल खेले तो जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों एवं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद राठी ने आयोजन को अंतरास्ट्रीय स्तर के समकक्ष बताते हुए इसके लिए एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल एवं विद्यालय संचालिका एवं छत्तीसगढ़ शतरंज संघ की उपाध्यक्ष का आभार माना तथा उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ से एक दिन आनंद, गुकेश एवं कोनेरू हम्पी जैसे खिलाड़ी निकलेंगे। विशेष अतिथि एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर विनीत राजोरिया ने भी समस्त प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। सभी अतिथियों का स्वागत प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति द्वारा किया गया। आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा लिए थे जिसमें रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीरचांपा, कांकेर , महासमुंद, बलौदा बाजार जिले के शतरंज खिलाड़ी शामिल हुए। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फ़िडि आर्बिटर रॉकी देवांगन थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया । कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य नवीन शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।कार्यक्रम में प्रदेश शतरंज संघ एवं आयोजन समिति के शेख लतीफ, अनीस अंसारी, सुबोध कुमार सिंह, अनिल शर्मा, चित्रांश अग्रवाल, हर्ष शर्मा, शुभम बसोंने, आकांक्षा जैन, संदीप पाटले, इम्तियाज मेमन, विक्रम सिंह, चंदन विश्वकर्मा मौजूद थे।

## उरला-बघेरा के रहवासी कचरा फेंकने पर बिफरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कचरा फेंकने का कर रहे विरोध, प्लांट लगाने का विरोध

पोटियाकला के बाद उरला और बघेरा में भी वार्डवासियों द्वारा कचरा फेंकने के विरोध में उतर गए है। उनके द्वारा यहां कचरा प्लांट नही लगाने की भी मांग की है। वहीं कचरे के ढेर को आग के हवाले किए जाने की शिकायत की गई। कचरे में आगजनी से आसपास वातावरण जहरीला हो रहा है। जिससे आक्रोशित वार्डवासियों ने शुक्रवार को नगरनिगम का घेराव कर दिया।

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत उरला वार्ड एवं बघेरा वार्ड के निवासियों द्वारा कचरा डंप करने का विरोध करते हुए नगर निगम का घेराव कर दिया। सैकडों की संख्या में पहुंचे वार्डवासियों द्वारा निगम परिसर में एकत्रित होकर महापौर और निगम आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इसको लेकर महापौर अल्का बाघमार द्वारा सभापति श्याम शर्मा व एमआईसी सदस्यों के साथ दोनो वार्ड के पार्षद सरस निर्मलकर व रेशमा सोनकर और आंदोलनकारी के प्रतिनिधि मंडल के साथ चर्चा की गई। महापौर ने बताया किए वार्ड के नागरिको से चर्चा कर उक्त क्षेत्र में कचरा का निष्पादन हेतु प्लांट लगाया जा रहा है। वह कचरा डंप नहीं किया जा रहा बल्कि प्लांट लगाकर कचरे का निष्पादन किया जाएगा। जिससे वार्ड क्षेत्र में बदबू की समस्या नहीं रहेगी और आग नहीं लगेगी।

### शहर में कई जगह कचरे में आगजनी

महमरा नदी रोड किनारे बडे स्तर पर कचरे को आग के हवाले किया गया। इसके बाद उरला वार्ड में भी कचरा जलाने की शिकायत लंबे समय से होती रही हैं। वहीं रविशंकर स्टेडियम के पास बने एसएलआरएम सेंटर भी आग लगी है। इसके पहले पुलगांव नाका के पास बने सेंटर में भी रात को आगजनी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इस तरह कचरे का निष्पाढन करना छोड एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उडाकर वातावरण जहरीला किया जा रहा है।

## कोर्ट में याचिका मंजूरी के बाद भी जेसीबी लेकर स्कूल तोड़ने पहुंचा निगम का अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षक नगर वार्ड में स्थित गरीब बच्चों का पुत्री शाला को नगरनिगम के अमले ने शुक्रवार से ताडना शुरू कर दिया है। पालक संघ स्कूल तोडने के विरोध में एक दिन पहले हाईकोट में याचिका लगा चुके हैं, वहीं याचिका की सुनवाई मंजूर भी हो गई है। इसके बाद भी फैसला आने से पहले स्कूल तोडने को लेकर पालक संघ मं जमकर नाराजगी है। इस मामले में पालक संघ ने विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार और कलेक्टर अभिजित सिंह से लिखित आवेदन देकर स्कूल नही तोडने की गुहार लगाई थी। लेकिन किसी भी गंभीरता नही दिखाई।

पुत्री शाला स्कूल में 55 से अधिक गरीब बच्चे अध्यनरत हैं। पानी टंकी के लिए पर्याप्त जगह होने के बाद भी नगरनिगम के स्कूल तोडने के फैसले को लेकर पालक संघ मुखर हो गए हैं। ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोडऩे का मामला पहुंचा हाईकोर्ट भी पहुंच चुका हैं।

## रापा, झंउहा, घमेला लेकर मजदूरी मांगने पहुंचे मजदूर और कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महात्मा गांधी मनरेगा योजना में मजदूरी दिवस में कटौती किए जाने से जिलेभर में श्रमिको को गुस्सा फूटने लगा है। शुक्रवार को पांच सौ अधिक की संख्या में जिलेभर से मजदूर, जिसमें महिलाएं भी पहुंची थी। जहां राज्य शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान कांग्रेसी सिर पर रापा, झउआ और घमेला भी लेकर आए थे। कलेक्टर से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस प्रशासन द्वारा गेट के सामने रोक दिया गया। जहां सडक पर बैठकर कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी और पुलिस के बीच जमकर झुमाझटकी भी हुई। राजीव भवन दुर्ग में सभा का आयोजन किया गया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अगुवाई में दोपहर डेढ बजे नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। रास्ते में कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय के सामने भी नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई।

## राज्यस्तरीय नेटबॉल स्पर्धा...



भिलाई। पांचवी सब जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता जांजगीर में 17 से 18 मई तक आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दुर्ग जिला नेटबॉल संघ की बालक–बालिका अंडर 16 की टीम आज सुबह साउथ बिहार एक्सप्रेस से जांजगीर रवाना होगी।

## मुआवजा मिलने के पहले निर्माण कार्य रोकने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। भारतमाला रोड परियोजना के अन्तर्गत पीड़ित किसानों ने मांग की है, जिसमे उन्होने कहा कि, उचित मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक हमारे जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण कार्य को ना किया जाए।



उन्होने कहा कि, गुरूवार को धनोरा में जमीन पर कलेक्टर व एसडीएम के (मौखिक) आदेश पर सैन्य बल के साथ हम सबके जमीन पर कार्य करते हुए हमारे एक किसान साथी बालमुकुंद तिवारी को हाईवा से मुरूम गिराते हुए दबा दिया गया। जिसमें वे पूरी तरह घायल हो गये थे। जमीन पर कब्जा करने के लिए हम किसानों को जो कि शांतिपूर्वक उचित मुआवजा की मांग करते हुए कार्य बंद करने का अनुरोध कर रहे थे। किसानो ने कहा कि गुरूवार को जमीन पर कब्जा करने की पूर्व सूचना हमें नही दिया गया था व अचानक तहसीलदारों द्वारा सैन्य बल के साथ हमें बलपूर्वक गिरफ्तार कर जिला जेल दुर्ग भेजकर हमारे जमीन पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया गया।

## महिला स्वास्थ्य अधिकारी ने की आत्महत्या स्वास्थ्य संघ ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ दुर्ग जिले के धनोरा की रहने वाली थी महिला अधिकारी

खैरागढ़ के छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में पदस्थ आरती यादव ने अपने दुर्ग जिले के ग्राम धनोरा स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना 15 मई गुरुवार की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन का आरोप है कि, उक्त महिला स्वास्थ्य अधिकारी ने विभागीय प्रताडऩा के चलते आत्महत्या की है। उन्होंने इस मामले की शिकायत थाने में भी की है।



संगठन के प्रांताध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि, आरती संविदा कर्मी थी। एक महीने पहले ही पति का देहांत हुआ था। उनकी एक साल की बच्ची भी है। पति के देहांत से वह आहत थी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं जा रही थी। लेकिन उनकी अनुपस्थिति की शिकायत शासन-प्रशासन से हो गई।

इसके बाद सीएमएचओ कार्यालय से उनको फोन आया कि, जल्द ही ड्यूटी ज्वाइन करो, नहीं तो तुम्हारी सैलरी कट जाएगी और सीआर भी खराब हो जाएगा। मजबूरन वह ड्यूटी ज्वाइन की। इससे पहले वह स्थानांतरण दुर्ग कराने के लिए शासन-प्रशासन को आवेदन दे चुकी थी, लेकिन संविदा नौकरी होने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

### बच्चे सीख रहे क्रॉफ्ट बनाना, डांसिंग और सिंगिंग का ले रहे प्रशिक्षण

दुर्ग। विद्यापीठ स्कूलक मालवीय नगर में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग सहित अन्य विधाओं में पारंगत हासिल कर रहे हैं। बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत प्लास्टिक बाटल से क्रॉफ्ट फ्लावर बनाए गए हैं, जो देखते बनता है। इसी प्रकार प्लास्टिक बॉटल , कुरकुरे चिप्स के पैकेट से अन्य सजावट सामान बनाए गए। स्कूल की डायरेक्टर मुक्ति अग्रवाल के मार्गदर्शन में समर कैंप पूरे मई महीने में चलेगा। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं में नई तकनीक का उपयोग करते हुए एक से बढ़कर एक सजावटी चीज बना रहे हैं। छोटे बच्चों द्वारा कलरिंग किया जाता है, जबकि बड़े बच्चे डेकोरेशन ग्लास पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग में हिस्सा ले रहे हैं।

## योजनाओं की दी जानकारी, विधायक व महापौर भी पहुंचे

# शिविर में 935 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ बघेरा और बोरसी में निगम ने लगाया समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तहत शास. प्राथमिक शाला बोरसी वार्ड क्रमांक 52 में सात वार्डो का एक साथ 16 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने समाधान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 938 आवेदनों में 935 आवेदनों का निगम द्वारा निराकरण किया गया है।

विधायक एवं महापौर ने शिविर में पहुँचकर प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि, सुशासन तिहार में मिले विभिन्न विषयों के 938 आवेदनों में 935 आवेदनों का निगम द्वारा निराकरण किया गया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को नई दिशा मिल रही है। शासन की मंशा है कि, योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इसी सोच के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अधिकारी और जनप्रतिनिधि के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही



### शासन और जनता के बीच की कड़ी है शिविर

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, यह शिविर केवल समस्या समाधान का मंच नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई कड़ी भी है। हमारी प्राथमिकता है कि, आमजन को योजनाओं की जानकारी भी मिले और वे उनका लाभ भी उठाएं। राज्य सरकार हर वर्ग गरीब, महिला, युवा और बुजुर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन सीधे जनता के द्वार पहुँच रहा है।

## पेज 9 के शेष

### सेना के शौर्य को ...

का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा आतंक के विरुद्ध एकजुटता का संदेश भी है ।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें देश की एकता और सुरक्षा के प्रति सजग करते हैं तथा देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करते हैं। विधायक श्री ईश्वर साहू ने कहा कि आज की तिरंगा यात्रा ने यह संदेश दिया है कि हर नागरिक राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभा सकता है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि 16 मई की शाम को इस तिरंगा यात्रा की सूचना प्राप्त हुई थी। उस दिन समाधान शिविर का भी आयोजन था, लेकिन शिविर के उपरांत अधिकारियों की आपात बैठक लेकर अल्प समय में सभी आवश्यक तैयारियाँ की गईं उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद एवं बधाई दी।इस तिरंगा यात्रा ने राष्ट्रप्रेम, एकता और जागरूक नागरिक सहभागिता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल ने जानकारी दी कि बेमेतरा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया है, जिससे यह संदेश जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया ।

### लिनेन कपड़ा ...

इस प्रकार की गतिविधियों से जुड़कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकती हैं। अधिष्ठाता डॉ. भंडारकर ने जानकारी दी कि ग्रामीण महिलाओं को आजीविका वृद्धि परियोजना के अंतर्गत अलसी के रेशे से धागा एवं कपड़ा बुनाई हेतु 40 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल कुसमी के समीर 10वीं में प्रथम



**बेरला।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसमी में कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में समीर साहू ने 83.1% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही 78.1% के साथ भूमिका एवं ढालेन्द्र संयुक्त रूप सें दूसरे स्थान पर रहे. इस अवसर पर शाला के प्राचार्य श्री एस. एस.ठाकुर संकुल समन्वयक सी. एल. साहू, शाला प्रभारी श्रीमति ज्योति साहू एवं अन्य सभी शिक्षकगणों ने शाला के सफल परीक्षाफल के लिए बच्चों कि सराहना कि एवं आगे भी इसी प्रकार निरंतर अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### कचरा के विवाद पर महिला ने किया प्राणघातक हमला

**भिलाई।** कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद में महिला ने आरी निकालकर हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ईडब्लूएस 201 कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी आरती शर्मा ने शिकायत किया है कि पड़ोसी नरेन्द्र प्रताप सिंह से रोजाना घर के सामने कचरा फेका करता था। 16 मई की सुबह पीड़िता कचरा फेकने गई थी। तब उसी समय नरेन्द्र प्रताप सिंह और उसकी पत्नी रेणु सिंह घर के सामने कचरा फेकने से मना किया। इस दौरान कचरा फेंकने को लेकर विवाद हो गया। नरेन्द्र प्रताप सिंह व पत्नी रेणु सिंह ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का से मारपीट कर पीड़िता को चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने पहुंचे पड़ोसी वेकटेश शर्मा द्वारा भी हाथापाई किया गया है। घटना में पीड़िता के बाये हाथ पेट में चोट आई और पति सौरभ शर्मा के मुंह में चोट आई है। वहीं नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि आरती शर्मा ने विवाद के बाद लकड़ी काटने की आरी से हमला कर दिया। जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है।

### गृह दोष के नाम पर झांसा देकर 2.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई।** मकान में गृह धोष शांति का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 457/08 सडक 21/ए आशीष नगर रिसाली निवासी अनिल वशिष्ठ ने शिकायत किया है कि 18 फेस-2 श्री जी कल्पतरु कालोनी अमलीडीह रायपुर निवासी विवेक कुमार मिश्रा गृहदशा ठीक नहीं होना व अच्छे लोकेशन पर मकान जमीन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 25 हजार 501 रुपए का ठगी किया है। आज तक जमीन नहीं दिखाया गया और रकम तक पीड़ित को नहीं लौटाया है। विवेक कुमार मिश्रा से वर्ष 2022 में मुलाकात हुआ था। विवेक ने गृह दोष पूजा पाठ करना बताया और घर भी एक बार आया था। घर में परेशानी होना बताया और एक बार गृह दोष शांति के लिये पूजा करने की बात कहकर 2100 रुपए नगद लिया था। फोन से बातचीत में बताया कि पीड़ित के घर पर दोष है। नया घर लेना पडेंगा मेरा रायपुर में बडे बडे अधिकारियों से जान पहचान,अच्छे लोकेशन में जमीन दिलाने का झांसा दिया।

सियासत

**मारो, संबलपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट की ली संयुक्त बैठक ली**

# जिला अध्यक्ष छाबड़ा ने पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा अपना पदभार ग्रहण करने के साथ ही पूरे जोश खरोश के साथ जिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने में जुट गए हैं इसी सिलसिले में उन्होंने बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत मारो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संबलपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट की संयुक्त बैठक ली । इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छाबड़ा ने कहा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सहयोग एवं आशीर्वाद से मुझे दोबारा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और मैं यह अच्छी तरह से जानता हूं कि बेमेतरा जिला कांग्रेस में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है जितना कांग्रेस कार्यकर्ता नवागढ़ के समर्पित है उतना बेमेतरा जिले में और देखने को नहीं मिलता ऐसा नहीं है कि बेमेतरा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित नहीं है किंतु जो बात नवागढ़ के कार्यकर्ताओं में है वह बात जिले के अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नहीं दिखती यही कारण है कि मैं जब से पदभार ग्रहण किया है।

- नवागढ़ विधान सभा के कांग्रेसजनों से हुए रूबरू

### कार्यकर्ताओं को कमर कसने का आवाहन

विचार मेरे मन में था कि मैं अपने संगठन को मजबूत करने के लिए जब जिले में दौरा करूं तो नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र मेरी पहली प्राथमिकता में रहा है और आज भारी संख्या में आप लोगों ने पहुंचकर इस बात को सत्य साबित भी कर दिया है। छाबड़ा ने यह भी कहा जिला कांग्रेस कमेटी का गठन पूरे जिले में कांग्रेस के साथियों की इसी तरह बैठक में तय किए गए नाम के आधार पर ही किया जाएगा । बैठक में तय किए गए नाम को ही संगठन में पद दिया जाएगा ।

पूर्व की तरह अब घर बैठे किसी को नियुक्ति प्रदान नहीं की जाएगी संगठन में वही व्यक्ति को स्थान दिया जाएगा जो कांग्रेस की रीति नीति को मानता हो और जनहित के लिए एक पैर पर खड़ा हो ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम बेमेतरा जिले में बनाई जाएगी जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक जुट और पूरे दम काम के साथ जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कसने की बात कही।बैठक को पूर्व संसदीय सचिव एवं नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरदयाल बंजारे ने भी संबोधित किया । बैठक में प्रभारी जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा , जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड, सुशीला जोशी ,हरीश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी आर जनार्दन ,विजय बघेल, सुरेंद्र तिवारी, झम्मन बघेल, सनत धर दीवान, दीपक दिनकर, सदस्य राम बिहारी राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष संबलपुर , सुशील साहू ब्लॉक अध्यक्ष नांदघाट ,विजय सिंह, भागीरथी यादव ,नरेश कुमार ,परमेश्वर मिरी ,जावेद खान, रितेश शर्मा ,विष्णु शुक्ला, सतीश मारकंडे, लाला कटारे ,रामनाथ मिरि ,यौवन डिंडोरे, लव सिंग राजपूत, भुआल दास बांधे ,धर्म कुर्रे, छन्नू लाल लोधी ,लक्ष्मण राजपूत, पुरुषोत्तम लोधी, मोहम्मद आरिफ ,रूपेंद्र राजपूत, गणेशाराम राजपूत, ईश्वरी प्रसाद ,राकेश खूंटे, रामेश्वर वर्मा ,माधो सिंह ,विजय कुर्रे ,बंशी ठाकुर, पवन संडे ,भजन बंजारे, अमृत दास जांगड़े राजेंद्र वर्मा राजा बंजारे प्रहलाद लोधी चोला राम वर्मा महेंद्र कुमार राम चरण पटेल विश्राम साहू जगमोहन ध्रुव परमेश्वर दास दाऊराम झूला राम मोतीलाल बाबूराम विजय यादव हिरा भारती अखिलेश साहू राम मोहन साहू ओमकार वर्मा पुनाराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मासूम बच्ची के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, 20 के आंदोलन को दिया समर्थन

तीनो ब्लॉक कमेटी के संयुक्त बैठक के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने संबलपुर में सर्व समाज तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संबलपुर के बैनर तले 20 मई को होने वाले धरना प्रदर्शन का अपना समर्थन दिया । ज्ञात हो नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी चौकी संबलपुर में 3 माह पूर्व सोनाक्षी नाम की बालिका की हत्या की गई है जिसके आरोपी को पुलिस चौकी संबलपुर में गिरफ्तार कर लाया गया था और आरोपी पुलिस कस्टडी से ही फरार हो गया है अब तक हत्या का आरोपी पुलिस की गिफ्ट से बाहर है और पुलिस हाथ में हाथ रखे बैठी है आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सर्व समाज तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आंदोलन की चेतावनी दी गई है । समर्थन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश को सही ढंग से चला नहीं पा रही है राज्य में अपराध का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैआम जनता को अपनी दैनिक मूलभूत जरूरत की पूर्ति के लिए भी भटकना पड़ रहा है वहीं पूरे राज्य में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लूट मचा रखी है यहां के खनिज पदार्थ का भाजपा कार्यकर्ता अपने लिए दोहन कर रहे हैं प्रदेश में शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा पानी बिजली की मूलभूत जरूरत के लिए लोगों को प्रतिदिन आप भटकते हुए देखेंगे ऐसे में आम जनता की निगाहें कांग्रेस की ओर टिकी है हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि जनता की तकलीफों को ज्यादा से ज्यादा बांट सके ।

# वार्ड 14 की नाली व गंदे पानी की समस्या का फौरन करें निराकरण : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में पिछले कई वर्षों से नागरिकों को नाली व गंदे पानी की निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए आज क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

- विधायक दीपेश साहू ने किया वार्ड का निरीक्षण, अधिकारियो को दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री साहू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर समस्या की जड़ को समझा। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग एवं नगर पालिका के सीएमओ को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर अस्थायी नाली निर्माण कर गंदे पानी की तत्काल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्थायी समाधान हेतु शीघ्र बैठक कर विचार विमर्श कर स्थाई समाधान निकाला जाये I विधायक श्री साहू ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि दुर्ग रोड पर कांग्रेस शासनकाल में अधूरी छोड़ी गई नाली निर्माण कार्य की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। नाली का निर्माण केवल सिंघौरी तक किया गया था, जिससे आगे पानी की निकासी बाधित हो रही है। यह स्थिति न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए, बल्कि राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही है।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे गंदा पानी सड़क पर न फैले और नागरिकों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान की दिशा में तेज़ी से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री अवधेश सिँह चंदेल,पार्षद पंचू साहू, चांदनी रोशन दत्ता,लक्की साहू , हर्षवर्धन तिवारी, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, बिसन साहू, डॉ विनय साहू दीनानाथ साहू एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चीजगांव, बरगा व हाटरांका में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**बेमेतरा/थानखमरिया।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान के अंतर्गत 17 मई को प्रदेश भर के प्रत्येक गांव,नगर और पंचायत में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम चीजगांव,बरगा, हाटरांका समेत विभिन्न ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देश देश की सुरक्षा में नागरिक सहभागिता के संकल्प के साथ आयोजित की गई।

जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक की भागीदारी सुनिश्चित रही। यात्रा की अगुवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक शीर्षक वाले बैनर से की गई। इसके साथ आपरेशन सिंदूर का अधिकृत लोगों तक प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया। यात्रा का प्रमुख आकर्षण हम सेना के साथ है ' और ' आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र ' जैसे बड़े बैनर हुए, जो जो नागरिकों के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत किया। इस अवसर पर देश की सशस्त्र सेनाओं , अर्धसैनिक बलों के योगदान को सराहते हुए भारत की जीत, सशस्त्रबलों तथा सैनिकों और उनके परिवारों को धन्यवाद के संदेश वाली तख्तियां लोगों के हाथ रही। इस दौरान ग्राम पंचायत चीजगांव सरपंच भगेला साहू, उपसरपंच सुनील साहू, पंचगण डेरहा साहू,अकरूल साहू, भुवनेश्वरी साहू,परमिला बाई रोजगार सहायिका रेखा मार्कंडेय, भारतीय जनता पार्टी थानखम्हरिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, कोटवार पुरुषोत्तम दास, भूतपूर्व सरपंच अजय वर्मा,आर एस एस पदाधिकारी ओमपाल,गणेश वर्मा, सेवाराम साहू, चुरावन वर्मा,ओंकार साहू, सियाराम नेताम,दिनेश्वर साहू, धीरऊ यादव,अटल साहू,डोमार साहू, चीजगांव एवं पलेनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अम्बे मरकाम इंद्रावर्मा समेत बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

# कायरों की गोलियों से न रुकेगा भारत का सनातन प्रवाह : निर्वाणी अखाड़ा

**बेमेतरा।** आतंक का दुस्साहस एक बार फिर कश्मीर की पावन धरती पर देश ने देखा है ,विधर्मियों आतायियों ने निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि सनातन संस्कृति, श्रद्धा और दर्शन को कश्मीर से मिटाया जा सकता है. परंतु कश्मीर सिर्फ एक भूभाग नहीं, यह भारत की आत्मा है,यह हमारी सांस्कृतिक राजधानी,शारदा पीठ की यह सनातनी पहचान हमारे ऋषियों का धाम, हमारे तपस्वियों की भूमि है।

नर्मदा कुण्ड निर्वाणी अखाड़ा के प्रवक्ता डॉ सौरभ निर्वाणी ने उपरोक्त बाते करते हुए कहा है कि कश्मीर को वीरान करने की कल्पना करने वालों की कपाल क्रिया अब निश्चित है,अब पहले से भी अधिक श्रद्धालु, साधु, युवा और पर्यटक कश्मीर जाएंगे, अब हम कश्मीर को 'तपस्थली' से 'पर्यटन स्थली' और 'राष्ट्रीय एकता की स्थली' बनाएंगे ऐसी घटनाओं के बाद 'डर कर बैठ जाना' हमारे रक्त में नहीं है,यह हमला केवल व्यक्तियों पर नहीं, भारत की आत्मा और सनातन संस्कृति पर हमला है,इसका उत्तर केवल सेना नहीं, जनआंदोलन से भी देंगे ।नवागढ़ रामजानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास,जमात मंदिर थानखाम्हारिया के महंत बसंत दास और डॉ सौरभ निर्वाणी ने संयुक्त तौर पर बयान जारी कर चलो कश्मीर अभियान की घोषणा करते हुए बताया है कि 'चलो कश्मीर' अभियानः 108 संतों के साथ एक विशाल दर्शन यात्रा होगी, जिसमें देशभर से सनातनी जुड़ेंगे राज्य सरकार को तीर्थ दर्शन के साथ दिव्य दर्शन के महाभियान के साथ इसे जोड़ने के लिए शासन से मांग की जाएगी अखंड भारत संकल्प दिवस': प्रति वर्ष 5 जून को गंगा दशहरा के दिन भगवान राम के ननिहाल माता कौशल्या की जन्मस्थली छत्तीसगढ़ प्रदेश में सनातन संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे 'शहीद पर्यटकों की स्मृति में सनातन स्मारक': कश्मीर में एक राष्ट्रीय स्मृति स्थल की भी माँग केंद्र सरकार से की जाएगी डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा अब डरने की नहीं, आगे बढ़ने की बारी है

- कश्मीर हमारा घर है, दर्शन-पर्यटन और तपस्या अब और भी व्यापक होगी : डॉ निर्वाणी



अब हर सनातनी कश्मीर जाएगा – घूमने नहीं, चेतना जगाने,हमारा दर्शन, पर्यटन और सनातन प्रचार अब रुकेगा नहीं – बढ़ेगा, जगेगा, और भारत के शत्रुओं की हार का कारण बनेगा।

**दो स्कूलों की छत उड़ीं पर सालभर बाद शिक्षा विभाग तथा शासन की नींद नहीं खुली**

# शताब्दी और जिला मुख्यालय की एकमात्र कन्या विद्यालय की घोर उपेक्षा : विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ललित विश्वकर्मा ने भाजपा के सुशासन तिहार को एक मजाक बताया है जहां एक और भाजपा सरकार सुशासन तिहार के नाम पर लाखों रुपए की बंदर बांट कर रही है वहीं जिला मुख्यालय के महत्वपूर्ण दो स्कूलों के छत को उड़े हुए साल बीत गए किंतु अब तक शिक्षा विभाग तथा शासन की नींद नहीं खुली है बेमेतरा जिले के गौरव एकमात्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो कभी पूर्व में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुआ करता था जहां आज भी बेमेतरा जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलालेख लगा हुआ है स्कूल की लगभग आधा छत साल भर पूर्व आंधी तूफान में उड़ गया था इस पर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने धरना प्रदर्शन भी किया था परंतु आज तक स्कूल के कमरों की छत को नहीं लगाया जा सका है जिसके कारण इन कमरों में पढ़ाई नहीं की जा सक रही है कन्या स्कूल में जहां लगभग 10 से 12 कमरे आंधी तूफान की चपेट में आए थे वहीं बेमेतरा जिले के एकमात्र शताब्दी शाला उत्तर बुनियादी शाला बेमेतरा की भी पूरी छत उड़ चुकी है उक्त दोनों स्कूल बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगे हुए हैं जहां से जिला शिक्षा अधिकारी का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है किंतु बेमेतरा का दुर्भाग्य ही कहा जाए जहां शराब दुकानों की बढ़ोतरी की जा रही है वहीं बेमेतरा के इन स्कूलों के उद्घार हेतु किसी भी प्रकार से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं शायद भाजपा शासन यह चाहती है कि यह स्कूल जमींदोज हो जाए यही कारण है कि इन स्कूलों को जर्जर करने के नियत से ही इनके उड़े हुए तीन सेट को वर्ष बीत जाने के उपरांत भी नहीं सुधर गया जबकि पूर्व में कहा गया था कि बजट सत्र में इन स्कूलों के छत को सुधार के लिए बजट मांगा जाएगा 2 बजट सत्र भी बीत जाने के पश्चात अब तक स्कूल भवन की छत के पुनर्निर्माण हेतु किसी प्रकार से कोई कदम न उठाया जाना भाजपा सरकार के कथनी और करनी को इंगित करता है साथ ही साथ बालिका शिक्षा को लेकर यहां के भाजपा जनप्रतिनिधि शिक्षा के लिए कितने जिम्मेदार हैं यह बताने के लिए पर्याप्त है जबकि बेमेतरा शहर में सिर्फ कन्या साल के नाम पर एकमात्र विद्यालय है वही शताब्दी शाला का इतिहास अत्यंत ही गौरवशाली रहा है जिसमें अनेक विभूतियों ने यहां से शिक्षा ग्रहण की है ऐसे में इन स्कूलों को शिक्षा के अनुरूप बनाया जाना बेमेतरा नगर के लिए अत्यंत आवश्यक है



24x7 EMERGENCY SERVICE
AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी & लेप्रोस्कोपिक टीम
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेट में जलन / गैस
- आंतों में जख्म / कैंसर
- पैंक्रियास में सूजन
- पित्त की नली में पथरी
- लिवर खराब होना
- पीलिया / हेपेटाइटिस
सुविधाएं
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- दूरबीन विधि से सर्जरी
- लिवर और पैंक्रियाटाइटिस समस्या का निदान व उपचार
"आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें!"
डॉ. जीवनलाल घीडले
MD (MED.) DM ( GASTRO )
PGI CHANDIGARH
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

# बैंक खाते से 2.25 करोड़ का लेन, देन बलिया से भिलाई का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई का एक युवक बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा हुआ है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 111 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी बृजेश कुमार यादव उर्फ जसवंत नामक युवक को बलिया साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से धोखाधड़ी करने के आरोप में पकड़ा है। युवक शादी का झांसा देकर पीड़ित की बहन से रिश्ता तय किया। इसके बाद बृजेश पीड़ित को अपने फंसे हुए पैसों का झांसा देकर भरोसे में लिया। बृजेश ने पीड़ित के नाम से बलिया में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया। आईसीआईसीआई बैंक का खाता 2023 में खुलवाया गया था। जिसकी चेक बुक और एटीएम कार्ड बृजेश अपने पास रख लिया। पीड़ित को संदेह होने पर आईसीआईसीआई बैंक का स्टेटमेंट निकालवाने पर जानकारी हुई कि 4-5 माह में करीब 2.25 करोड़ रुपए का लेनदेन खाते से हुआ है। 14 मई 2025 बृजेश यादव बलिया के सहतवार थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां आया। तब पीड़ित ने अपने सहयोगियों की मदद से उसे थाने लेकर आया।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है।
जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर 15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411